हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अप्रैल 2026



04 रुठियाई स्टेशन पर टिकट खिड़की पर भारी...



07 शादी में शामिल होने जा रहे बाईक सवार को वाहन ने टक्कर मारी, एक...






## नगर के इंवेंट

### विप्र उत्थान समिति मनाएगी स्थापना दिवस, 24 अप्रैल को विविध आयोजन

**गुना।** सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला स्थित विप्र उत्थान समिति, नजूल कॉलोनी गुना द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला पर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति ने सभी विप्र बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। समिति के अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 8 से 10 बजे तक हवन-पूजन इसके बाद सुबह 10 से 12 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी होगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ बंधुओं, आचार्यों, विद्वानों, पुरोहितों एवं कथा वाचकों का सम्मान भी किया जाएगा।समिति अध्यक्ष अवधेश शर्मा एवं समस्त विप्र उत्थान समिति ने सभी समाजजनों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

### पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

**गुना।** पत्नी की हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश गुना अमिताभ मिश्र ने आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मध्यप्रदेश राज्य की ओर से इस प्रकरण में पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ द्वारा की गई।अभियोजन के अनुसार 3-4 नवंबर 2025 की मध्यरात्रि ग्राम कांदई, थाना म्याना निवासी सूर सिंह भिलाला ने अपनी पत्नी रेशमबाई के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी।4 नवंबर 2025 को फरियादी सुरेश भिलाला को उसकी बुआ सायदी बाई ने फोन पर सूचना दी कि उसकी छोटी बुआ रेशमबाई की उसके पति ने मारपीट कर हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर परिजन गांव पहुंचे, जहां रेशमबाई खटिया पर मृत अवस्था में मिलीं। उनके शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान थे और बाएं कान के पास गंभीर चोट से खून निकल रहा था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और घटना में प्रयुक्त लाठी जब्त की। जांच में मृतका के शरीर पर कुल 18 चोटें पाई गईं, जिनमें सिर की हड्डी टूटना भी शामिल था। चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने से हुई।हालांकि न्यायालय में कोई प्रत्यक्षदर्शी साक्षी नहीं था और कुछ गवाह अपने बयानों से मुकर गए, लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। सभी साक्ष्यों और दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी सूर सिंह भिलाला को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 2 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।यह फैसला घरेलू हिंसा जैसे गंभीर अपराधों के प्रति न्यायालय की सख्त दृष्टि को दर्शाता है।


### आरोन और राघौगढ़ में चार डीजे वाहन जब्त, संचालकों पर एफआईआर दर्ज



**गुना ।** जिले में शोर-शराबे और कोलाहल पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर द्वारा रात्रि 10 बजे के बाद डीजे और लाउडस्पीकर पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आरोन और राघौगढ़ में बड़ी कार्रवाई की गई है।आरोन में देर रात बज रहे तीन डीजे किए जब्तआरोन में तहसीलदार और पुलिस बल ने रात्रि गश्त के दौरान अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में दबिश दी। यहां रात्रि 10:30 से 11 बजे के बीच कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन डीजे वाहन एमपी 09-2067, एमपी 08-0634 और डीएल 1 एलआर 2730 तीव्र आवाज में बजते पाए गए। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर संचालकों के विरुद्ध क्चहस्र की धारा 223 एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।राघौगढ़ में चांचौड़ा के डीजे संचालक पर गिरी गाजइसी तरह की कार्रवाई राघौगढ़ कस्बे में भी हुई। मंगलवार की रात करीब 10:20 बजे टाटा 407 वाहन एमपी 04-9727 पर डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था। तहसीलदार राघौगढ़ की रिपोर्ट पर पुलिस ने वार्ड नं. 05 चांचौड़ा निवासी संचालक केशव मेहरा के कब्जे से वाहन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### कोचिंग सेंटर पर ठगी व मारपीट के आरोप, एसपी ने दिए जांच के निर्देश

**गुना।** शहर के एक कोचिंग सेंटर पर छात्र से फीस लेने के बाद वादा पूरा न करने और विरोध करने पर मारपीट के आरोप लगे हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने जांच के निर्देश दिए हैं।



सिसौदिया कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय छात्र शिवांश भार्गव ने शिकायत में बताया कि उसने 16 हजार रुपये फीस जमा कर कोचिंग जॉइन की थी, जिसमें 15 दिन में संतुष्टि न होने पर फीस लौटाने का आश्वासन दिया गया था। छात्र का आरोप है कि पढ़ाई संतोषजनक न मिलने पर फीस मांगने पर संचालक ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया और उसके साथ अभद्रता व मारपीट की।पुलिस द्वारा मामले में कोचिंग के दस्तावेजों व रसीदों की जांच की जा रही है। एसपी ने कहा कि जांच के आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में बढ़ती चोरियों से दहशत, लाखों की चोरी मामले में पुलिस अब भी खाली हाथ

**एसपी को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार ने लगाई गुहार**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में लगातार बढ़ती जा रही चोरी की वारदातों के बीच पुलिस की सुस्ती लोगों के गुस्से को और बढ़ा रही है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला और बड़ा जनआक्रोश पैदा कर सकता है। फिलहाल पूरा शहर एक ही सवाल पूछ रहा है आखिर गुना में चोर बेखौफ क्यों हैं।कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़े बालाजी स्थित सुदामा कॉलोनी में शादी वाले घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की वारदात ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 19-20 अप्रैल की दरमियानी रात बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के कई दिन बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पीड़ित परिवार पुलिस के चक्कर काटने को मजबूर है।

फरियादी हेमंत भार्गव अपने परिवार और क्षेत्रवासियों के साथ पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। उनका



कहना है कि पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।फरियादी के अनुसार, 19 अप्रैल को उनके छोटे भाई की शादी नयापुरा स्थित एक मैरिज गार्डन से थी। पूरा परिवार विवाह समारोह में शामिल था और घर पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से घर में घुसकर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था।पीड़ित परिवार का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध साफ दिखाई दिए थे। वे पुलिस को संदिग्धों के घर तक भी लेकर गए, लेकिन इसके बावजूद आरोपी फरार हो गए। सवाल यह है कि जब सुराग मौजूद थे तो पुलिस के हाथ अब तक खाली क्यों हैं?

#### पुरानी घटनाओं ने भी बढ़ाई लोगों की बेचैनी

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है। बीते दिनों भगतसिंह क्षेत्र में चोरी की घटना ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे, जहां आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच सकी। वहीं कैंट क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं।नागरिकों का कहना है कि अब चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे शादी वाले घर तक नहीं छोड़ रहे। लोग पूछ रहे हैं क्या शहर में अब घर पर ताला लगाकर किसी शादी में जाना भी खतरे से खाली नहीं।

## न्यायालय के आदेशों की अनदेखी जल विभाग को पड़ी भारी

# जल संसाधन विभाग के कुर्सी टेबल कंप्यूटर पंखे किए कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


लगभग दो दशक पुराने विवाद में न्यायालय के आदेशों की अनदेखी जल संसाधन विभाग को भारी पड़ गई। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के निर्देश पर न्यायालय की टीम ने विभाग के दफ्तर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई की। टीम ने मौके से टेबल-कुर्सी, कंप्यूटर, पंखे और अन्य फर्नीचर जब्त कर लिया। यह कार्रवाई उस स्थिति में की गई, जब वर्षों से लंबित मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया। मामला ग्राम रेंझाई निवासी अर्जुन सिंह रघुवंशी से जुड़ा है, जिनकी जमीन से नहर निकालने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पीड़ित पक्ष के अनुसार तालाब निर्माण के दौरान उनके खेत से जबरन नहर निकाली गई, जबकि निर्धारित मार्ग किसी अन्य खेत से था। इसको लेकर



उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने जल संसाधन विभाग को मुआवजा राशि अदा करने के निर्देश दिए थे।न्यायालय के आदेश दिनांक 8 फरवरी 2022 के अनुसार विभाग को लगभग 1,00,475 रुपये की राशि अदा करनी थी, लेकिन निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद भी विभाग को कई अवसर दिए गए, मगर राशि जमा नहीं होने पर न्यायालय ने आदेश 21 नियम 30 के तहत जंगम संपत्ति कुर्क करने का वारंट जारी कर दिया। प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश के न्यायालय से जारी इस वारंट के पालन में जिला नाजिर के नेतृत्व में टीम जल संसाधन विभाग कार्यालय पहुंची। न्यायालय के कर्मचारी राजेश शर्मा ने बताया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद विभाग ने भुगतान नहीं किया, जिसके चलते कुर्की की कार्रवाई की गई। जब्त किए गए सामान को न्यायालय में जमा कराया जाएगा, जहां से आगे नीलामी की प्रक्रिया होगी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस मामले में उन्हें न्याय पाने के लिए वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। करीब 10-12 साल तक केस चलने के बाद फैसला उनके पक्ष में आया, लेकिन मुआवजा मिलने में और देरी होती रही। अंततः न्यायालय को सख्त कदम उठाना पड़ा। यह कार्रवाई प्रशासनिक लापरवाही और न्यायालय के आदेशों की अनदेखी का बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। अब कुर्की के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि लंबित राशि की वसूली जल्द हो सकेगी और पीड़ित को न्याय मिलेगा।

## नौकरी से लौट रहे बुजुर्ग चौकीदार की बाइक डीजे से टकराई, मौके पर मौत

**बजरंगगढ़ रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ़ रोड पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। 76 वर्षीय बुजुर्ग बनवारी लाल ग्वाल की बाइक सुबह सड़क के बीचोंबीच खड़े एक डीजे वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी की मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई।

#### चौकीदार के साथ हुआ हादसा

बजरंगगढ़ निवासी बनवारी लाल पुत्र तुलसीराम ग्वाल लंबे समय से गुना शहर में चौकीदारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनका नियम अटूट था—हर शाम बजरंगगढ़ से गुना ड्यूटी पर आना और अगली सुबह सूरज की पहली किरण के साथ वापस घर लौटना। बुधवार सुबह करीब 6 बजे भी वे अपनी शिफ्ट पूरी कर घर की ओर बढ़ रहे थे। लेकिन महर्षि विद्यालय के पास मौत बनकर खड़े एक डीजे वाहन ने उनका रास्ता रोक लिया।

#### बीच सड़क खड़े वाहन ने लेली जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंधेरे और लापरवाही के बीच सड़क पर खड़े डीजे वाहन से बुजुर्ग की बाइक पीछे से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आधिकारिक तौर पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### जिम्मेदार कौन है

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घातक लापरवाही का सबब बने डीजे वाहन को जब्त कर लिया है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। अब इस बात की जांच की जा रही है कि व्यस्त मार्ग पर डीजे वाहन को असुरक्षित तरीके से खड़ा करने का जिम्मेदार कौन है। और उन लोगों पर सख्त कार्रवाई कब होगी।

## पर्यावरण के संरक्षित करने फलदान में स्वीकार किया फलदार पौधे और फल

**डॉ धाकड़ परिवार ने दहेज न लेने की मिसाल पेश की**

**टीका फलदान में प्रतीक स्वरूप एक सौ एक रुपए स्वीकार किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय कस्तूरी गार्डन कांठी निवासी मुरारी लाल धाकड़ (शिक्षक ) ने अपने सुपौत्र डॉक्टर कमल धाकड़ की शादी की उपलब्ध मे टीका फलदान के समय दिए गए लाखो रुपयों को त्यागकर एक सौ एक रुपया स्वीकार कर दहेज़ मुक्त शादी का सन्देश दिया हैं इस दौरान उन्होंने टीका फलदान के दौरान प्रतीक स्वरुप एक सौ एक रुपया ओर दो फलदार वृक्ष, फल स्वीकार कर वृक्ष लगाने का संकल्प कर धाकड़ परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

वधू पक्ष इंजी. ज्योति के पिता डॉ. लखन लाल धाकड़ निवासी माथुर कॉलोनी जिला गुना जिला को भी दो फलदार वृक्ष एक दूसरे को भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया। विदाई मे वर पक्ष के परिजनों को आम, जामुन इत्यादि के 11 फलदार पौधे देकर धरती माँ को हरा भरा बनाने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे उपस्थित धाकड़ समाज के लोगों ने दहेज़ मुक्त विवाह की खुले मुक्त से प्रशंसा की ओर दहेज़ प्रथा को बंद करने का समाज को सन्देश दिया।

दहेज़ एक अभिशाप हैं इससे धीरे धीरे समाप्त करने के लिए धाकड़ समाज व अन्य समाज के ऐसे लोग जो



साधन सम्पन्न हैं उन्हें भी इस तरह के निर्णय लेकर दहेज़ रूपी अभिशाप से मुक्ति दिलाकर समाज मे अपना योगदान देना चाहिए

#### वर पक्ष से ये रहे मौजूद

दीवान सिंह किरार गावरी .बलवंत सिंह धाकड़ चीरखेड़ा खुमान सिंह हल्के सिंह रघुवीर धाकड़ राम धाकड़ रणवीर धाकड़ गजानंद धाकड़ हरिचरण धाकड़ सहित परिजन उपस्थित रहे। वधू पक्ष से श्री राम गोपाल जी धाकड़ डॉक्टर लखन लाल डॉ. प्रकाश धाकड़ माखन धाकड़ प्रहलाद धाकड़ एव सभी समाज बंधु मौजूद रहे।

## नगर पालिका में मंजुषा खत्री का एक वर्ष पूर्ण, कर्मचारियों ने केक काटकर दी बधाई




**गुना।** नगर पालिका में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में सुश्री मंजुषा खत्री के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने केक काटकर उन्हें बधाइयां दीं।कार्यक्रम के दौरान सुश्री मंजुषा खत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका यह एक वर्ष सीखने और समझने में बीता, जिसमें उन्हें नगर पालिका कार्यप्रणाली से बहुत कुछ नया सीखने को मिला।उन्होंने परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही नगर पालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की आशा जताई।

## चक्काजाम और हंगामे पर पुलिस सख्त, दो मामलों में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में चक्काजाम के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए हैं।पहले मामले में हनुमान चौराहे पर एक युवक ने भाई की जमानत नहीं होने से नाराज होकर परिजनों पर पेट्रोल डाल आत्मदाह की धमकी देते हुए सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने समझाइश के बाद सभी को हटाकर बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया।दूसरे मामले में भुल्लनपुरा क्षेत्र में



सीसी सड़क निर्माण से पहले अतिक्रमण नहीं हटाने से नाराज लोगों ने करीब 40-45 मिनट तक सड़क जाम किया। इस मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। एसपी हितिका वासल ने कहा कि चक्काजाम करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और लोगों से अपील की है कि समस्या होने पर कानूनी तरीके से समाधान लें।

## विकास कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी, निविदाएं शीघ्र जारी करने की मांग

# 37 वार्डों के टेंडर अटके, नपाध्यक्ष ने सीएमओ को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने नगरीय क्षेत्र के सभी 37 वार्डों के लंबित टेंडरों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि तकनीकी स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक निविदाएं आमंत्रित नहीं किए गए हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और वार्डवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

#### 60 निर्माण कार्यों को मिल चुकी तकनीकी स्वीकृति

स्वीकृतिपत्र में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास, ग्वालियर संभाग द्वारा 6 अप्रैल को शहर के सभी 37 वार्डों में प्रस्तावित 60 निर्माण कार्यों को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को कई बार मौखिक निर्देश भी दिए गए, लेकिन आज दिनांक तक निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई।

#### प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के बाद भी काम ठप

नगर पालिका अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि माननीय सांसद श्रीमती ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय मंत्री भारत सरकार बनने के बाद कलेक्टर को पत्र लिखे जाने पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के 9 माह बाद कार्यपालन यंत्री से टी.एस. (टेक्निकल सैंक्शन) 6 अप्रैल को प्राप्त हुई थी। इसके बावजूद टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।

#### पूर्व में बिना टीएस के हुए टेंडर अब क्यों देरी?

उन्होंने सवाल उठाया कि पहले बिना तकनीकी स्वीकृति के भी टेंडर जारी कर दिए जाते थे, जबकि इस बार सभी वार्डों सहित सामग्रियों एवं बिजली के प्रस्तावों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे भाजपा की नगर पालिका परिषद की बदनामी हो रही है और जनता में असंतोष बढ़ रहा है।


#### पीएमसी बैठक में प्रस्तुत करने की मांग

श्रीमती गुप्ता ने सीएमओ से आग्रह किया है कि सभी 37 वार्डों के टेंडर शीघ्र जारी कराने हेतु प्रकरण की स्वीकृतियां (PMC) में प्रस्तुत की जाएं, ताकि विकास कार्यों में गति लाई जा सके और जनता को राहत मिल सके।कलेक्टर को भी भेजी प्रतिलिपिइस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्र की प्रतिलिपि माननीय कलेक्टर, जिला गुना को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

## समाचार संक्षेप


### वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण माली का निधन, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

**चाचौड़ा।** अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि वरिष्ठ समाजसेवी एवं भक्त लक्ष्मीनारायण माली (चूलीवाल) का 95 वर्ष से अधिक आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।स्व. लक्ष्मीनारायण माली ने अपने जीवनकाल में चार पीढ़ियों को करीब से देखा और एक भरा-पूरा परिवार छोड़कर गोलोकधाम सिधार गए। वे समाज में अपने सरल स्वभाव, सेवा भाव और धार्मिक प्रवृत्ति के लिए जाने जाते थे।वे गुलाबचंद, कैलाशचंद, अशोक, रमेश एवं मुकेश के काका जी तथा ब्रज किशोर माली, नरेंद्र, गजानंद, राजेंद्र, मनोज और विमल के दादाजी थे।उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10:00 बजे निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में समाजजन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत, पति-पत्नी घायल, बल्लू चौहान ने दिखाई मानवता

**चाचौड़ा।** क्षेत्र के लखनवास गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लखनवास निवासी लक्ष्मण मीणा एवं उनकी पत्नी को चोटें आईं।घटना के दौरान मौके से गुजर रहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बल्लू अर्चना काला पहाड़ चौहान ने तत्परता दिखाते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने बिना देर किए दोनों घायलों को स्वयं उठाकर अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए ब्यावरा रेफर कर दिया।इस दौरान बल्लू अर्चना चौहान ने घायलों की हर संभव सहायता की। उनके इस सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों ने खुलकर प्रशंसा की और इसे मानवता की मिसाल बताया।



### सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुईं अर्चना चौहान, नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

**चाचौड़ा।** स्थानीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, चाचौड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान (काला पहाड़) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में पहुंचने पर समिति के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। फूलमाली समाज द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में श्रीमती चौहान ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने सभी जोड़ों को प्रोत्साहन स्वरूप 1000-1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने अतिथि के रूप में पहुंचीं श्रीमती चौहान का सम्मान कर आभार व्यक्त किया।



# रुठियाई स्टेशन पर टिकट खिड़की पर भारी भीड़ यात्रियों में अफरा-तफरी, रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

रुठियाई रेल जंक्शन पर अनारक्षित टिकट खिड़की पर भारी भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति सामने आई है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति, भोपाल मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक भोपाल, पंकज त्यागी को विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया है। पत्र में बताया गया है कि सुबह के समय रुठियाई स्टेशन पर सैकड़ों यात्रियों की भीड़ टिकट खिड़की पर उमड़ पड़ती है। प्रातः 8:30 बजे बीना–रुठियाई मेमू ट्रेन तथा 9:05 बजे कोटा–इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस आने के कारण यात्रियों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है। स्टेशन पर केवल एक ही टिकट खिड़की होने से अनारक्षित टिकट लेने वाले यात्रियों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है।विजय कुमार जैन ने पत्र में उल्लेख किया है कि स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) 1 अप्रैल से बंद पड़ी है, क्योंकि उसका टेंडर समाप्त हो चुका है। उन्होंने इसे रेल विभाग की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर लेनी चाहिए थी।उन्होंने 21 अप्रैल की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों ट्रेनें स्टेशन पर खड़ी थीं, जबकि टिकट खिड़की पर लंबी लाइन लगी हुई थी। इसी बीच निर्धारित समय 9:25 बजे कोटा–इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस रवाना हो गई। कई यात्री टिकट लेने में लगे रहे, जबकि उनके परिजन ट्रेन में बैठे थे। ट्रेन छूटने पर कुछ यात्रियों ने चेन पुलिंग की और इस दौरान टिकट निरीक्षक से विवाद भी हुआ। बाद में करीब 17 यात्री टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुए।शिकायत में यह भी बताया गया कि स्टेशन पर अनारक्षित और आरक्षित टिकट के लिए केवल एक ही खिड़की है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। उन्होंने मांग की है कि दोनों प्रकार के टिकटों के लिए अलग-अलग खिड़कियां बनाई जाएं और एटीवीएम मशीन को जल्द से जल्द चालू किया जाए।इसके अलावा, अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए गए हैं। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में शौचालय (पेशाब घर) हटाए जाने के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है और गंदगी फैल रही है।विजय कुमार जैन ने बताया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से पिछले दो वर्षों से विकास कार्य जारी हैं, लेकिन अभी तक पूर्ण नहीं हो सके हैं, जबकि भोपाल मंडल के कई अन्य स्टेशनों पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं।इस शिकायती पत्र की प्रतिलिपि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, विधायक जयवर्धन सिंह, पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दीपक कुमार सिंह तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया को भी भेजी गई है।



# चेतना साहित्य एवं कला परिषद की नई कार्यकारिणी गठित, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद की कार्यकारिणी का गठन दूसरे सत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में परिषद के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ कवि विष्णु साथी, गोविंद राव मोरे तथा संस्था के अध्यक्ष प्रेम सिंह "प्रेम" उपस्थित रहे।निर्वाचन में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया।




**नवगठित पदाधिकारी इस प्रकार हैं:** वरिष्ठ उपाध्यक्ष – रामवीर शर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष – श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्टसचिव – कीर्ति मोरोलिया सहसचिव – फरीदा बानो गुना बी संगठन सचिव – सूबेदार धर्मवीर सिंह कोषाध्यक्ष – श्रीमती रेखा खरेसहसंगठन मंत्री – शिवम श्रीवास्तव प्रमुख प्रचार सचिव – उमाशंकर भार्गव सहप्रचार प्रमुख – अभिनय मोरे अंकेक्षक – हरीश सोनी विधि सलाहकार – श्रवण कुमार ए. ब. एडवोकेट

**संरक्षक मंडल में शामिल गणमान्य सदस्य:** राजेन्द्र सिंह सलूजा (पूर्व विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष), डॉ. श्याम मोहन मिश्र, देवेन्द्र उपाध्याय, वीरेंद्र सोनी मुक्त, हरिदत्त शर्मा, नारायण लाल मैयर, डॉ. गजेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. अशोक गोयल, डॉ. श्वेता अरोरा, डॉ. सुरेन्द्र भार्गव, बृजेश श्रीवास्तव, रमेश मंगल, सलाउद्दीन शिकवा, नरेंद्र भार्गव पद्म, गोविंद राव मोरे, नरेंद्र नोनेरिया एवं डॉ. ओ. एल. शर्मा।

**कार्यकारिणी सदस्य:** शरद सक्सेना, डॉ. प्रीति सक्सेना, संजय खरे, श्रीमती रेखा करें, श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, रवि शर्मा बंजारा, ऋषिकेश भार्गव, निरंजन भाया कसेरा, जेपी शर्मा, राजेश जैन कपूर, सुनील शर्मा चीनी, अभिनंदन मडवरिया, प्रमोद भार्गव (शिक्षक), साक्षी ओझा आदि।निर्वाचन अधिकारी ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य परिषद के हित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र आयोजित किया जाएगा।

# जनगणना 2027 प्रशिक्षण शुरू, प्रगणकों को स्वगणना के लिए किया प्रेरित

**चाचौड़ा-बीनागंज।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी गुना शकिशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रगणक/पर्यवेक्षक चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच का प्रथम दिवस आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों को अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी व चार्ज (गणना) अधिकारी चाचौड़ा-बीनागंज दिनेश कुमार सोनी द्वारा स्वगणना करने हेतु प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए इसे जिम्मेदारी और ईमानदारी से पूर्ण करने का आह्वान किया। इस दौरान फिल्ड ट्रेनर निशा शर्मा एवं वीरेंद्र वोहरे, उपयंत्री दीपक धाकड़ तथा चार्ज लिपिक घनश्याम वर्मा भी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।




# खजूरी हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

जिले के आरोन विकासखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल खजूरी ने इस वर्ष वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो संस्था के लिए गौरव का विषय है।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी राजावत ने समस्त स्टाफ को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत प्रयास और विद्यार्थियों की लगन के कारण यह सफलता संभव हो सकी है। प्राचार्य श्रीमती राजावत ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




# 7 वीं राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नवयुग पब्लिक विद्यालय मैं सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । 15 से 17 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता मैं बालक एवं बालिका वर्ग की 16 टीमों ने हिस्सा लिया ।

प्रतियोगिता के समापन अवसर एवं पुरस्कार वितरण समारोह मैं बतौर मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे वहीं नरेंद्र यादव (सचिव मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संघ ) एवं अर्शील ख़ान (नवयुग पब्लिक स्कूल संचालक ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजकों द्वारा मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । प्रतियोगिता (बालक बर्ग ) में प्रथम स्थान गुना ने हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर इंदौर की टीम रही ।बालिका बर्ग मैं भी प्रथम स्थान पर गुना ने बाजी मारी एवं दूसरा स्थान इंदौर को प्राप्त हुआ ।इस सफल आयोजन के समापन पर मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने कहा कि आपने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया है , अब आप आने वाले समय मैं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का भी गुना ज़िले मैं आयोजन करें , आपको आश्वासन देता हूँ कि मैं आपको हर संभव मदद प्रदान करूँगा । अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीमों को , मेन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए पुरस्कृत किया गया एवं सभी टीमों के कोच तथा मेच रेफरी को सम्मानित किया गया ।



विद्यार्थी परिषद ने 'वंदे मातरम ऑन कैंपस अभियान' के तहत...

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने "वंदे मातरम् ऑन कैंपस अभियान" के अंतर्गत पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अशोकनगर, अमन रघुवंशी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय इस गीत ने देशवासियों में जोश और बलिदान की भावना का संचार किया था। उन्होंने आगे कहा कि "उस समय वंदे मातरम् ने देश को आज़ाद कराने का जोश दिया था, और आज यही गीत हमें देश को महान बनाने की प्रेरणा देता है।" मुख्य अतिथि स्नेहा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम् के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, संस्कृति एवं अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य बीके गुप्ता भी उपस्थित थे। परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। अंत में सभी ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ सामूहिक "वंदे मातरम" हुआ जो की "भारत माता की जय" के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कलेक्टर द्वारा आवेदक की समस्या का निराकरण कर सौंपी खसरा एवं आदेश की प्रति

**अशोकनगर।** गत दिवस मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष ग्राम रांवसर निवासी विकास अहिरवार द्वारा जनसुनवाई में प्लाट के नामांतरण आदेश को अमल कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया था। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को कार्यवाही हेतु मौके पर निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में तहसील अशोकनगर के तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा नामांतरण आदेश को अमल कराये जाने की कार्यवाही की गई।

# एसडीओपी ने कदबाया थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को समय-समय पर थाना स्तर पर आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है चंदेरी एसडीओपी ने कदबाया थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

21 अप्रैल एवं 22 अप्रैल की मध्यरात्रि में एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा द्वारा थाना कदवाया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, ड्यूटी व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। थाना के महत्वपूर्ण अभिलेखों जैसे अपराध रजिस्टर, दैनिक डायरी, आगंतुक रजिस्टर एवं वारंट तामील रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उन्होंने लंबित अपराधों एवं शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विवेचना अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान रात्रि गश्त व्यवस्था, बीट प्रणाली एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान पुलिस बल पूर्ण सतर्कता के साथ क्षेत्र में भ्रमण करे तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, शस्त्रों के रख-रखाव एवं हवालात की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेख अद्यतन रखने, शिकायतकर्ताओं से संवेदनशील व्यवहार करने तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



विवाह में एक लाख रुपए से अधिक का सामान किया भेंट

# किन्नर जानवी मौसी ने गरीब बेटी रूपा को लिया गोद



**ईसागढ़।** रूपा पुत्री कल्याण केवट खतोरा निवासी जो 4 बहन और 2 भाई है मा सुखवती जिसने अपनी नन्द के सहयोग से 2 बेटियों की शादी तो करवा दी लेकिन पति शराब का आदी है जिसे घर की जिम्मेदारियों की परवाह नहीं ऐसे में आर्थिक संकट में किन्नर जानवी मौसी ने एक फरिश्ते के रूप में आकर गरीब बेटी के विवाह सहायता कर उसके जीवन में खुशियों की बहार ला दी और उसकी छोटी बहन के विवाह की भी जिम्मेदारी ले ली। कहते है जिसका कोई नहीं होता उसका सहारा भगवान किसी ना किसी रूप में आकर उसकी मदद करते है आज वही फर्ज पूरा किया किन्नर जानवी मौसी ने।

रूपा की बुआ उर्मिला नारायण केवट जो ईसागढ़ बजरिया मोहल्ला में रहती है और उनकी पड़ोस में रहने वाली किन्नर जानवी मौसी से बेटी की शादी को लेकर बात की तो उन्होंने उसे गोद ले लिया और शादी की सारी जिम्मेदारी ले ली जिसमे उनकी मित्रमंडली के साथ पहुंचकर बारात स्वागत कर आशीर्वाद प्रदान किया दहेज का सारा सामान करीब एक लाख से अधिक का भेंट किया नाच गाकर उसको विदा किया ।

# शासकीय महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं में पृथ्वी संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ समाज एवं पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और पृथ्वी को स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट ने विद्यार्थियों को संसाधनों के सजग एवं जिम्मेदार उपयोग की सलाह दी, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त संसाधन सुरक्षित रखे जा सकें। इस अवसर पर सभी प्रकृतिक संसाधनों के साथ साथ ऊर्जा संरक्षण की शपथ भी ली गयी।



### अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना के अंतर्गत सिद्धी विनायक कालोनी निवासी शिवांश सोनी ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि संजय स्टेडियम के गेट के बाहर से काई अज्ञात लोग उसकी बाईक चोरी कर ले गए जिसका नम्बर एमपी 67 एमडी 0979 है पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### नरवाई जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा वायु (प्रदूषण, निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19(5) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अधिसूचना क्रमांक एफ 12-37/2017/18-5 दिनांक 15.05.2017 जारी की गई है, जिसके अंतर्गत गेहूं सहित अन्य फसलों के अवशेष (नरवाई/पराली) को खेतों में जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला अशोकनगर द्वारा नरवाई (फसल अवशेष) जलाये जाने के दौरान आगजनी/दुर्घटनाओं की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं वायु (प्रदूषण, निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के अंतर्गत एवं अन्य सुसंगत अधिनियमें के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार पर्यावरण मुआवजा अदा करना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर नरवाई जलाने की किसी भी घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो घंटे में नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** मुस्कान अभियान के अंतर्गत कदबाया पुलिस ने सराहनीय एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए एक नाबालिग बालिका को रिपोर्ट के मात्र 2 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया गया। उल्लेखनीय है कि 21 अप्रैल को फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना कदवाया में दर्ज कराई गई थी। उक्त सूचना पर थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कदवाया निरी0 मनीष जादौन को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कदवाया द्वारा तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर बालिका की पतारसी हेतु रवाना किया गया। पुलिस की त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर बालिका को अन्य थाना क्षेत्र से महज 02 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बालिका द्वारा ग्राम सकर्रा निवासी करन आदिवासी द्वारा साथ ले जाने की जानकारी दी गई। प्रकरण में आरोपी करन आदिवासी पुत्र भरतू आदिवासी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। अपराध जमानती होने के कारण आरोपी को नोटिस पर रिहा किया गया।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पंजाबी कालोनी निवासी मनोज कलाकार ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि हरविन्दर सरदार निवासी सिरसी पछार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत विक्की सेन निवासी चंदेरी ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि सुरेन्द्र चैवे ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत निखिल यादव निवासी सलोना ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव, पहाड़ सिंह यादव व शिशुपाल पुत्र धीरज सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत कमला आदिवासी निवासी कुरवासा ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि नारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत रामवीर बंजारा निवासी कुम्हार्या ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि राहुल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत प्रमोद आदिवासी निवासी आक्सीचक्क ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि राजाराम, सैतान, बृजभान आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अशोकनगर में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले आए सामने

# शादी में शामिल होने जा रहे बाईक सवार को वाहन ने टक्कर मारी, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से कानीखेड़ी गांव में शादी में शामिल होने जा रहे एक बाईक पर बैठे तीन लोगों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक चला रहे हल्लू उर्फ हरलाल उम्र 38 साल निवासी ग्राम जारौली धुवयाई की मौत हो गई है। इस घटना में घायल दो का उपचार जिला अस्पताल अशोकनगर में किया जा रहा है।

घटना की कहानी यह है कि चार अलग-अलग बाईकों से शादी में शामिल होने के लिए सुबह 9 बजे अशोकनगर से कुछ लोग ग्राम कानीखेड़ी के लिए रवाना हुए थे। चार बाईकों में सबसे पीछे की बाईक पर हरलाल, चिरौंजीलाल और दौलत सिंह बैठे हुए थे तभी उनकी बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में हरलाल आदिवसी की मौत हो गई है। जबकि शेष दो घायलों दौलत सिंह पुत्र बाबूलाल आदिवासी उम्र 38 साल निवासी विनौदा थाना पथरिया जिला विदिशा और चिंरौजी लाल पुत्र लम्पू आदिवासी उम्र 35 साल निवासी कानीखेड़ी





थाना बहादुरपुर शामिल है। यह घटना दोपहर 11 बजे के बाद की बताई गई है। इस घटना में दोनों घायलों के हाथ और पेरों में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल अशोकनगर में किया गया है। घटना के बाद अशोकनगर विदिशा रोड़ पर बने टोल नाका की एम्बूलेंस उन्हें लेकर अशोकनगर जिला अस्पताल आई थी। घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक और घायलों के परिवारजनों को दी गई। जिसके बाद परिवारजन मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार के सदस्य शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ जारौली धुवयाई गांव ले गए जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### दो बाईक आपस में टकराईं, तीन घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी

जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम चिरवांस के समीप दो बाईक आपस में टकरा गई इस घटना में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। एक बाईक पर बैठी मां बेटे को चोटें आईं हैं जबकि दूसरी बाईक पर बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की कहानी यह है कि मां अपने बेटे के साथ कोंधयाई गांव से शादी समारोह से बापिस अपने घर लौट रही थी। रोहित बंशकार बाईक चला रहा था और मां ममता बंशकार पीछे बैठी हुई थी चिरवास गांव के समीप सामने की ओर से आ रही एक बाईक आपस में भिड़ गईं। इस घटना में दोनों बाईकों पर बैठे तीन लोग घायल हुए हैं। दूसरी बाईक अरविन्द यादव चला रहा था जो ग्राम कर्र का निवासी है और पिपरई से बापिस अपने गांव लौट रहा था तभी ये घटना हो गई जबकि मां बेटा बरखेड़ा काछी रहने वाले है।

इस घटना के बाद तीनों घायलों को पिपरई अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, घायलों की हालत गंभीर होने के बाद उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। यह घटना इतनी भीषण थीं कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए। तीनों घायल सड़क पर आ गिरे जिन्हें रास्त से निकलते हुए लोगों ने एम्बूलेंस को सूचना दी और उपचार के लिए पिपरई अस्पताल भेजा गया वहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।



### शांति महिला मंडल ने गृहस्थी का सामान भेंट किया




**अशोकनगर।** शांति महिला मंडल की ओर से एक गरीब परिवार की बेटी को विवाह की सामग्री प्रदान कर सहयोग देने की मिशाल कायम की है। मूलचंद ओझा और उनकी पत्नि अनीता ओझा की हेशियत इतनी नहीं थी कि वह अपनी बेटी चंचल ओझा का विवाह कर पाते ऐसे में शांति महिला मण्डल सहयोगी की भूमिका में सामने आया और गोद भराई की रस्म का कार्यक्रम आयाजित किया गया। इस मौके पर सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक यह रस्म पूरी की गई। जिसमें बिटिया को घर गृहस्थी का सामान, कपड़े, बर्तन, सुहाग सामग्री के साथ एक डबल डोर अलमेरा, एक सिलाई मशीन, फल फ्रूट मिठाई के साथ बिटिया की गोद भराई के साथ समस्त जरूरत की सामग्री प्रदान की गई।

### 2.23 करोड़ से बनेगी बाउंड्रीवाल

## अशोकनगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज को मिली बड़ी सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने अशोकनगर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बाउंड्रीवाल एवं स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण हेतु 2 करोड़ 23 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ने मध्यप्रदेश शासन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल संस्थान की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाई देगा। यह स्वीकृति क्षेत्र के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाउंड्रीवाल के निर्माण से कॉलेज परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जिससे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। वहीं स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और संस्थान के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिल सके।



## खेत में जल रही नरवाई की चपेट में आई बाईक, चार लोग झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के पिपरई मुख्यालय से दो किलो मीटर दूर खेतों में लगी नरवाई की आग ने एक बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में चार लोग झुलस गए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ये सभी बाईक से करीला माता के दर्शन करने जा रहे थे।

नरवाई में आग लगने की यह घटना रात आठ बजे के बाद शुरू हुई और देखते ही देखते फैल गई। जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेश है कि नरवाई में आग न लगाई जाए लेकिन किसान आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण बीती रात यह हादसा हुआ। इस घटना में नरवाई



की आग ने समीप से निकल रही बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें हरिबाई उम्र 35 वर्ष, नरेन्द्र उम्र 18 साल, मुकेश उम्र 12 साल और अनुष्का उम्र 8 साल शामिल है। इन्हें करीला में एक शादी समारोह में भाग लेना था लेकिन यह नरवाई की आग की लपटों में फंस गए। मौजूदा लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया जिसके बाद उन्हें बचाया जा सका। ये सभी बेसरा गांव के निवासी है। इन चारों का उपचार अशोकनगर जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## सेंट्रल बैंक के एटीएम पर बीती रात छेड़छाड़ का प्रयास, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सेन्ट्रल बैंक के एटीएम पर बीती रात अज्ञात आरोपी द्वारा छेड़छाड़ का प्रयास, पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भागने में सफल हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

घटना 21 अप्रैल की रात एक बजकर तीस मिनिट की है घटना को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम अशोकनगर को सूचना प्राप्त हुई थी कि पछाड़ी खेड़ा क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा संदिग्ध गतिविधि करते हुए एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की जा रही है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल थाना कोतवाली की सिटी मोबाइल एवं पुलिस गश्त प्वाइंट को सूचित किया गया। सूचना प्राप्त होते ही सिटी मोबाइल एवं पछाड़ी खेड़ा प्वाइंट पर तैनात पुलिस बल द्वारा बिना विलंब किए तत्परता एवं सजगता के साथ मौके के लिए रवाना हुए। पुलिस बल पछाड़ी खेड़ा क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम के पास पहुंचकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति एटीएम के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, जो पुलिस को देखते ही अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकला।

इस दौरान पुलिस द्वारा तत्काल आसपास के क्षेत्र में चैकिंग की गई, किन्तु आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आरोपी द्वारा एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे पुलिस की



त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के कारण विफल कर दिया गया। पुलिस की सक्रियता से सेंट्रल बैंक के एटीएम में चोरी की घटना समय रहते टल गई। घटना के संबंध में थाना कोतवाली में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही, अज्ञात व्यक्ति की पहचान हेतु एटीएम एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, शीघ्र ही आरोपी को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए संबंधित पुलिस बल की तत्परता एवं सतर्कता की प्रशंसा की गई है तथा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ किया जाए एवं बैंक, एटीएम तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

### सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी, 55 कनेक्शन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में बुधवार को बिजली कंपनी की तीन टीमों ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए जांच अभियान चलाया। इस दौरान 5-6 घंटे में 55 कनेक्शनों की जांच की गई। जांच में 28 कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई है। उपभोक्ता कहीं सर्विस लाइन में कट लगाकर तो कहीं मीटर बंद कर सीधे खंभे से तार डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। टीम सबसे पहले नया बाजार में पहुंची थी, जैसे ही एक दुकान पर चोरी पकड़ी तो बिजली चोरी कर रहे



अन्य दुकानदारों ने अपने तार उतार लिए। इसके बाद जांच टीम रहवासी क्षेत्र में चली गई, जहां धीरे धीरे कर कई कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई। जांच टीमों का नेतृत्व डीजीएम विपिन श्रीवास्तव कर रहे थे। स्थानीय वितरण केंद्र प्रभारी बाबू जी मंडेलिया ने बताया कि कुल 55 कनेक्शनों की जांच में 28 चोरी पकड़ी गई हैं, सभी के प्रकरण बना लिए गए हैं। गुरुवार तक जुर्माना अधिरोपित कर दिया जाएगा।

पाइप और भूसा भी जला, सैकड़ों बीघा में फैली थी आग

## शादी में गया था परिवार, इधर नरवाई में लगी आग से जल गए ट्रैक्टर ट्रॉली के टायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के गीलारोपा और ओंडेर गांव के सैकड़ों बीघा खेतों में मंगलवार दोपहर नरवाई ने आग पकड़ ली। यह आग इस तरह फैली कि खेतों में बने मकान इसकी जद में आ गए। इन्हीं में से एक माधो सिंह के मकान में भी आग लग गई। घटना के वक्त माधो सिंह गांव में एक शादी समारोह में परिवार सहित गए हुए थे। उनके खेत पर कर्मचारी मर्दन सिंह अकेले थे।

इस दौरान आग की लपटों ने दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक स्ट्रारीपर को घेर लिया। आसपास



के ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू पाया जाता तब तक ट्रैक्टर ट्रालियों के टायर जल चुके थे। इसी तरह नवल सिंह के मकान में भी आग लग गई, जिससे चार ट्रॉली भूसा और एक दर्जन से अधिक पाइप जल गए। इस आग से कई किसानों के टपरे, बिजली की केबिल भी जल गई हैं। हल्का पटवारी रामकुमार यादव ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है। बुधवार को पंचनामा बनाया जाएगा।

भूसा का टाल जला, दमकल में पानी खत्म

बुधवार दोपहर एक भूसा के टाल ने भी आग पकड़ ली। भूसा व्यापारी शालू मोदी ने बताया करीब ढाई सौ क्विंटल गेहूं के भूसा का टाल था, जिसमें से सौ क्विंटल भूसा जल गया है। इस आग को बुझाने आई मुंगावली नगर परिषद की दमकल का पानी महज पांच मिनट में ही खत्म हो गया।




## बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, शिशु मातृत्व देखरेख, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को आसानी से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने और सभी आवश्यक जांचे पूर्ण कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया। एएनसी माताओं की ट्रेकिंग कर उनकी जांचे अनमोल पोर्टल पर दर्ज किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं के चार एनएनसी चेकअप अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल की विस्तार से समीक्षा की। निक्षय पोषण बास्केट वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित कर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए।

### जीव आत्मा भटक रहा है हमारी ही भूल हम पर हावी हो रही है: मुनिश्री


# जिनालय में तिलक दान के साथ प्रभु हुए विराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

उत्तर प्रदेश से पैदल विहार करते हुए मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के मुंगावली कस्बे में पहुंचे राष्ट्र संत मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए व्यक्ति जीवन यापन के संसाधनों को जुटाने में इतना व्यस्त हो जाता है कि सब कुछ भूल जाता है उसे अपने स्वरूप का जगत का ज्ञान ही नहीं रहता यह तक उसे अपने दुःख का भी वाहन नहीं रहता जव कभी सौभाग्य से सदगुरु का समागम मिलता है तब उसे समझ में आता है कि मैं कहां उलझ गया और अब उलझन सुलझने का नाम ही नहीं ले रही उसी भूल को सुधारने का मौका हमे इस दुर्लभ मनुष्य जन्म में मिला है इसे हाथ से नहीं निकलने देना जगत की भलाई के लिए जो कुछ भी वन पड़े करते चले जाना।

णमोदय तीर्थ के नाम से जाना जायेगा

पिछले वारह वर्षो से पाषाण से निर्मित हो रहे नवीन जिनालय में विराजमान होने वाले पन्द्रह फिट ऊंचाई अवगाहन वाले भगवान श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का तिलक दान करने का सौभाग्य उषा देवेन्द्र कुमार, अर्पित कुमार सिंघई ने सर्व प्रथम तिलक



दान की क्रिया को परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया के मंत्रोच्चार के बीच किया। इसके बाद सर्वे समाज और बाहर से पधारे भक्तो भी तिलक दान का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस जैन समाज अध्यक्ष रूपेश जैन मंत्री शशांक सिंघई पूर्व अध्यक्ष चन्द्र कुमार मोदी अरविंद कुमार मक्कू मनीष मोदी दीप टडैया काली मोदी



संजय सिघई सहित अन्य प्रमुख जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### अशोक नगर समाज ने किए श्री फल भेंट

अशोकनगर जैन समाज पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के टी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई पंचायत सदस्य विपिन सिंघ ई नितिन वज हेमंत टडैया पंच कल्याणक के पात्र शैलेन्द्र दददा धर्मेन्द्र रोकड़यि सचिन कासल गिरीश अथाईखेडा रिंकेश कासल मुनेश विजय पुरा मुन्ना वाझल अक्षय टडैया सहित अन्य प्रमुख जनो ने मुनि संघ को श्री फल भेंट कर शान्ति नगर गांव मन्दिर वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का निवेदन किया इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव शान्ति नगर गांव मंदिर की प्रतिष्ठा हेतु हम सब निवेदन लेकर आयें है आपके चरण पड़ते ही सब कार्य पूरा हो जाएगा

### अशोक नगर से वने आई ए एस चितवन जैन का हुआ सम्मान

जिले से वने आई ए एस चितवन जैन ने श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के साथ पहुंचकर परिवार सहित राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान अपने निवेदन में कहा कि राष्ट्र सेवा का मन में प्रवल भाव था गुरु देव यह भावना आपके आशीर्वाद से पूरा हुआ इस सेवा को और भी अच्छी तरह से करते हुए ऐसा क्या करें कि लोग याद रखें परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि सबसे पहले राष्ट्र है राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तब आप और हम सब मिलकर धर्म संस्कृति के लिए कुछ कर सकते हैं आज सबसे अच्छा समय है जब आप अपनी इच्छा के अनुसार धर्म कर सकते हैं। अपनी ही भूल के कारण ये जीवआत्मा भटक रही है उन्होंने कहा कि अपनी ही भूल के कारण यह जीव आत्मा भटक रहा है हमारी ही भूल हम पर हावी हो रही है।

ऐसे बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ेंगे

# भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने बाल कल्याण समिति ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन, प्रशासन की मंशा है कि जिले में सभी तरह की भिक्षावृत्ति खासकर बाल भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह बंद हो जाए ताकि बच्चे शिक्षा से जुड़कर अपना भविष्य बना सकें। इसीलिए प्रयास किए जा रहे हैं कि बाल भिक्षावृत्ति के कारणों का पता लगाकर इस पर अंकुश लगा दिया जाए। इसी कड़ी में बाल कल्याण समिति एवं महिला बाल विकास विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने भैंसवा माता मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में भ्रमण किया। इस क्षेत्र में बच्चों द्वारा भिक्षा मांगे जाने के मामले पूर्व में आ चुके थे। टीम ने वहां भिक्षा मांग रहे बच्चों और उनके परिवारजनों से चर्चा कर उन्हें समझाईस दी। साथ ही मंदिर में पूजा करवाने वाले पंडा, पण्डितो के समूह को समझाइश देकर बच्चों को स्कूल से जोड़ने और शासन की योजनाओं से जोड़ने संबंधी जानकारी प्रदान की गई।



### शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि कुछ बच्चे मिले है जो उनकी जानकारियां दर्ज की है। बच्चों की माने तो उनमें से लगभग सभी स्कूल जाते हैं। इन बच्चों को शासन की स्पॉन्सर केयर योजना जैसी अन्य शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भ्रमण के अवसर पर समिति सदस्य सलमा कुरेशी, संरक्षण अधिकारी रिंकी धाकड़, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वर्षा शर्मा सहित संबंधित लीमा चैहान थाना के पुलिसकर्मी साथ थे।

## भिक्षावृत्ति में खो रहा नन्हे मासूमों का भविष्य, जिम्मेदारों की चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बढ़ती आस्था और उमड़ती भीड़ के बीच एक चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। बिजासन माता मंदिर, भैंसवा माताजी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों और सारंगपुर सहित क्षेत्र के बाजार क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भिक्षा मांगते नजर आ रहे हैं। मंदिर परिसरों में ये मासूम कभी श्रद्धालुओं को जबरन टीका लगाकर तो कभी उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए पैसे मांगते दिखाई देते हैं। मंदिर प्रबंधन और सुरक्षाकर्मी समय-समय पर इन्हें हटाने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही देर में ये बच्चे दूसरे स्थानों पर पहुंचकर फिर से वही गतिविधियां शुरू कर देते हैं। इस स्थिति से कई बार श्रद्धालुओं को असहजता का सामना भी करना पड़ता है।भिक्षा मांगने वाले बच्चों के बीच अधिक पैसे पाने की होड़ भी साफ दिखाई दे रही है, जो आपसी प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुकी है। इन दिनों शादी सीजन के चलते भैंसवा माताजी स्थित बिजासन धाम पर श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा हुआ है, जिसके साथ ही भिक्षा मांगने वाले बच्चों की सक्रियता भी बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब 50 से अधिक बच्चे गिड़गिड़ाते हुए नजर आते हैं। नवरात्र, माघ मेला और अन्य विशेष अवसरों पर इनकी संख्या और अधिक बढ़ जाती है, जिसमें आसपास के गांवों से आने वाले बच्चे भी शामिल होते हैं। यह स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि भिक्षावृत्ति के कारण इन मासूमों का बचपन और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। बावजूद इसके, इस गंभीर समस्या को लेकर जिम्मेदार विभागों की चुप्पी बनी हुई है, जो चिंता का विषय है।



कलेक्टर ने की सहकारी बैंक शाखाओं की समीक्षा

# सीसीबी की सुठालिया शाखा के प्रबंधक को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला सहकारी बैंक से संबद्ध सभी ब्रांचों में पुराने ऋणों की वसूली में जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सालों पुराने ऋण मामलों की रिकवरी में शाखा प्रबंधक लगातार दिए जा रहे निर्देशों के बावजूद ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में बुधवार को वीडिया कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई जिला सहकारी बैंक की शाखावार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की।

इस दौरान सुठालिया शाखा प्रबंधक की कार्यप्रणाली असंतोषजनक पाए जाने पर उन्हें निलंबन का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य सभी शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे कालातीत (ओवरड्यू) ऋणों की वसूली में तेजी लाएं एवं निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर निर्देशित किया कि सभी शाखाएं नवीन सदस्यता में वृद्धि, अमानत (डिपॉजिट) बढ़ाने तथा उपार्जन कार्य को प्राथमिकता देते हुए सप्ताहवार निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करें।



### अगली बैठक में पुनः की जाएगी सभी शाखाओं की समीक्षा

उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या लक्ष्य पूर्ति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी बैठक में पुनः सभी शाखाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिसमें प्रत्येक शाखा को अपने कार्यों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही उन्हों ने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।

# पड़ाना सरपंच से मारपीट, एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पड़ाना क्षेत्र में सरपंच के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को फरियादी गोकुल दुगरिया 60 वर्ष निवासी पड़ाना, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने साथी महेश परमार के साथ 21 अप्रैल की रात करीब 9 बजे निपानिया बीका से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इस दौरान गांधी चैक पड़ाना पर महेश को वाहन से उतारकर दोनों चाय पीने जा रहे थे, तभी गांव के ही महेन्द्र पिता खाम सिंह परमार जुझारसिहं परमार,धीरज परमार,बृज परमार वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने पंचायत के काम को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

फरियादी ने जब आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसके साथ झूमा-झटकी कर मारपीट की। इस दौरान उसके गाल, छाती और पेट पर लात-घूंसे मारे गए, जिससे उसे चोटें आईं।

# आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगें लंबित, ज्ञापन देकर फिर चेताया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेश के विभिन्न विभागों, उद्योगों एवं संस्थाओं में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर निकिता तिवारी को सौंपते हुए कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत यह ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। मांग पत्र में आउटसोर्स सर्विस सेक्यूरिटी एक्ट अथवा आउटसोर्स निगम मंडल के गठन की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।

# शादी के नाम पर ठगी कर फरार हुई लुटेरी दुल्हन को ब्यावरा पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए लुटेरी दुल्हन का पर्दाफाश किया गया है। आरोपी सीधे-साधे कुंवारे युवकों को निशाना बनाती थी। शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात एवं नकदी प्राप्त कर लेती थी शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी।

पुलिस से बचने के लिए वह अपना नाम एवं मोबाइल सिम लगातार बदलती रहती थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिसिंग का सहारा लिया गया घटनास्थलों के आसपास लगे ब्ब्ज्ट कैमरों के फुटेज का विश्लेषण संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी मोबाइल लोकेशन एवं कॉल डिटेल रिकॉर्ड का परीक्षण मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर लगभग 01 वर्ष से फरार आरोपिया को दिनांक 20.04.2026 को भोपाल के करोंद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपिया द्वारा स्वीकार किया गया कि वह पूर्व में भी तीन शादियां कर चुकी है और प्रत्येक बार शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी। फरियादी रामगोपाल पिता हजारीलाल वर्मा निवासी ग्राम बाकपुरा, तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ की षिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने लुटेरी दुल्हन दिव्या भवनानी पति हरीश भावनानी, 30 वर्ष, निवासी नारियल खेड़ा, भोपाल दबोचा है। इसमें निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़, उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सीता यादव, प्रधान आरक्षक 680 हेमंत सिंह राजपूत, आरक्षक 307 राहुल मीना, आरक्षक हितेश यादव रहे।



# तेज रफ्तार तूफान ने पेशाब करने रुके युवक को कुचला एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा




स्थानीय थानांतर्गत ग्राम झाड़पीपल्या में एक तेज रफ्तार तूफान गाड़ी ने दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की जान ले ली और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक देवराज पिता रोडसिंह प्रजापति 20 वर्ष निवासी कचनारिया थाना ब्यावरा पचोर स्थित एक कैंटीन में मजदूरी का काम करता था। वह अपनी टीम के साथ कुरावर क्षेत्र में एक शादी समारोह से काम निपटाकर पिकअप वाहन से वापस पचोर लौट रहा था। सफर के दौरान झाड़पीपल्या के पास देवराज और उसके साथी बाथरूम के लिए रुके। देवराज वाहन से उतरकर सड़क किनारे खड़ा था, तभी अचानक एक अनियंत्रित तेज रफ्तार तूफान कार आई और उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हैरानी की बात यह है कि युवक को टक्कर मारने के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। थोड़ी दूर आगे जाने पर इसी तूफान गाड़ी ने वेयर हाउस के चैकीदार ''मोहर सिंह (55 वर्ष)'', पिता देवीलाल वर्मा, निवासी झड़पीपलिया को भी अपनी चपेट में ले लिया। मोहर सिंह उस वक्त पैदल जा रहे थे। इस टक्कर में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बोड़ा थाना की ''डायल 112'' की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक विनोद अहिरवार और पायलट दिलीप रुहेला ने तुरंत मोर्चा संभाला और मृतक देवराज व घायल मोहर सिंह को पचोर अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद देवराज प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मोहर सिंह वर्मा का उपचार अस्पताल में जारी है, उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बोड़ा थाना पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारकर भागने वाली तूफान गाड़ी और उसके चालक की तलाश की जा रही है। इस घटना के बाद मृतक के गांव कचनारिया में शोक की लहर दौड़ गई है। यह घटना हमें याद दिलाती है कि सड़क किनारे वाहन खड़ा करते समय या उतरते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि तेज रफ्तार वाहन अक्सर काल बनकर सामने आते हैं।यह घटना बुधवार अल सुबह 4 बजे की बताइ जा रही है।

# नकबजनी गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार, 1.08 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घरों में नकबजनी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 50 हजार रुपये नगद एवं 6 हजार रुपये कीमत के गुटखा पाउच सहित कुल 1 लाख 8 हजार रुपये का शत-प्रतिशत मशरूका बरामद किया गया है।




### क्या है पूरा मामला ?

12-13 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने फरियादी पप्पू राठौर निवासी आनंद वेयरहाउस के सामने, नरसिंहगढ़ रोड कुरावर स्थित घर के ताले तोड़कर 50 हजार रुपये नगद एवं गुटखा पाउच चोरी कर लिए थे। मामले में थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 113द्2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में दो विशेष टीमें गठित की गईं। एक टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की, जबकि दूसरी टीम ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य जुटाकर संदेहियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें लोकेंद्र मीणा (28), निवासी बैरागढ़ खुमान, थाना श्यामपुर, समीर खान (21), निवासी बड़नगर, थाना कुरावर, जुबेर खान (21), निवासी बड़नगर, थाना कुरावर शामिल है। तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में उप निरीक्षक सहित प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के साथ अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें, ताकि समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# राम जानकी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की साहू समाज ने निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के बड़े बाजार में स्थित राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर साहू समाज ने तीन दिवसीय आयोजन रखे गए हैं। इस उपलक्ष में साहू समाज द्वारा बुधवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 9 बजे शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यात्रा साहू समाज धर्मशाला से ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई जोकि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़े बाजार राम जानकी मंदिर पहुंची। समाजजन मां कर्मा देवी के नारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गा रही थीं । कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा में साहू समाज अध्यक्ष भगवानदास मुन्ना साहू, उपाध्यक्ष हरिनारायण साहू, सचिव एडवोकेट संजय साहू, जमात मंदिर महंत दीपेंद्र दास, आचार्य रवि शर्मा, झाली आश्रम गुरुजी राघवेंद्र शर्मा, सतगुरु आश्रम प्रफुल्ल महाराज, रामबाबू साहू, पूनमचंद साहू, अरविंद साहू, मनोज साहू, दिनेश साहू सहित कई सामाजिक बंधु शामिल रहे।



### गौ माता के सम्मान में सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज रात्रि 8 बजे

जीरापुर। गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत नगर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के सामने मेन रोड़ पर गो सेवा समिति के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन गुरूवार रात्रि 8 बजे से रखा गया है। जिसमें श्री राम सुंदरकांड समिति सुंदरकांड पारायण पाठ करेंगी।

गो पुत्र सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन गो माता के सम्मान में रखा गया है जिसमें नगर कि अन्य सुंदरकांड समितियों के सदस्य भी शामिल होकर भव्य धार्मिक आयोजन में पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। गो सेवा समिति सदस्यों ने आव्हान किया कि सभी गौ पुत्र सनातनी बंधुओ और नारी शक्ति माता बहने गौ सम्मान आह्वान अभियान के निमित्त सार्वजनिक सुंदरकांड पाठ के आयोजन में अवश्य पधारे। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्राप्त करवाना है।

कलेक्टर के निरीक्षण में अधिकारियों ने जताई मंशा

# बड़ा महल में स्थानांतरित हो सकता है राजगढ़ संग्रहालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को मुख्यालय स्थित जिला पुरातात्विक संग्रहालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में प्रदर्शित पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में संग्रहालय की चार दीर्घाओं (गैलरी) में 64 प्रमुख प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं, जबकि लगभग 100 प्रतिमाएं परिसर में प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 300 प्रतिमाएं सुरक्षित रूप से संग्रहित रखी गई हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि संग्रहालय में आगंतुकों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए तथा जनसामान्य के लिए इसे अधिक आकर्षक एवं जानकारी पूर्ण बनाया जाए। संग्रहालय को बड़ा महल में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग से चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजगढ़ जिले की समृद्ध पुरातात्विक विरासत को संरक्षित करते हुए व्यवस्थित रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

### संग्रहालय में 10वीं शताब्दी तक की धरोहरें

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है जिसमें 10वीं, 12वीं शताब्दी से लेकर जैन काल, मुगल काल एवं उमठ-परमार वंश तक की बहुमूल्य धरोहरें शामिल हैं। इन सभी ऐतिहासिक धरोहरों को एकत्रित कर “बड़ामहल” में व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित किए जाने की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निधि भारद्धाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।